PTJ2- 2

क्या हम नये नियम के ग्रंथों पर भरोसा कर सकते हैं? कार्यक्रम 2

उद्घोषक :13 वर्षों के लिए *ली स्ट्रोबेल, शिकागो ट्रिब्यून के,* पुरस्कार प्राप्त करने वाले, कानूनी संपादक थे, और वे एक स्पष्टवादी नास्तिक थे। जब उनके पत्नी ने उद्धार पाया, तो वे दो साल तक ईसाई धर्म को गलत साबित करने के जांच में लग गए थे। लेकिन साक्ष्य ने उन्हें एक ईसाई बनने में योगदान दिया। उन्होंने उस साक्ष्य के बारे में, अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले किताब "*द केस फॉर क्राइस्ट* (*मसीह के लिए प्रकरण)*" में लिखा था।

लेकिन हाल ही में नए स्पष्टीकरणों ने यीशु के पुनरुत्थान का खंडन करने का दावा किया है। *ली ने* इन नए सिद्धांतों के साक्ष्यों की जांच की, और आज आपको पता चलेगा कि उन्होंने क्या खोज किया था।

जॉन एकरबर्ग शो के इस विशेष संस्करण के लिए हमसे जुड़ें रहें

******

अन्करबर्गः आप को आज का कार्यक्रम पसंद आएगा। मेरे अतिथि *ली स्ट्रोबेल* हैं। वह महान किताबों के पुरस्कारविजेता लेखक हैं-, *द केस फॉर क्राइस्ट* , *द केस फॉर फ़ेथ* , *द केस फॉर द रिजल जीसस* , *द केस फॉर क्रिएटर* । दोस्तों ये किताबें, दुनिया भर हैं, और वे *ली* के अपने खोज के परिणामस्वरूप आए हैं। वह *शिकागो ट्रिब्यून* में 13 साल के लिए संपादक थे , और वह एक संदेहवादी थे, वह एक नास्तिक थे। लेकिन जैसा ही उन्होंने दो साल तक साक्ष्य की जांच की, उन्होंने यह पाया कि यीशु वास्तव में मृतकों से जी उठे थे; कि वह वास्तव में

परमेश्वर होने का दावा करता थे। उन्होंने उसे *द केस फॉर क्राइस्ट* किताब में लिखा है। और लोग, इन पुस्तकों के ओर आकर्षित हुए हैं, और वह लेखक आज हमारे मेहमान हैं।

लेकिन आज हम यीशु मसीह के पुनरुत्थान और मसीह के दावों पर, दूसरे कोण से गौर करने वाले हैं। आप जानते हैं कि आज हमें बहुत से ऐसे लोकप्रिय किताबें मिलती हैं जो कहते हैं कि, नई प्राचीन किताबों की खोज की गई हैं जो कि यीशु और प्रेरितों के समय की हैं, और माना जाता है कि वे यीशु के एक क्रांतिकारी नए दृष्टिकोण को उजागर कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में, यह एक वैकल्पिक दृष्टिकोण था, जो कि उस समय में चल रहा था। तो वे कह रहे हैं, देखो, आप इसे चुन सकते हैं या उसे..। और जो कुछ आप ने पाया, उसके बारे में थोड़ी सी बातें करो, और आप के हिसाब से, यह कैसे आपको प्रभावित कर गया कि आपको एहसास हुआ कि आपको अधिक शोध करना है।

स्ट्रोबेल: हाँ। मेरा मतलब है, जैसे-जैसे मैंने उन विद्वानों के बारे में अधिक से अधिक पढ़ना शुरू किया, जो कि ये दावा करते थे कि ये वैकल्पिक पुस्तकें, ये वैकल्पिक सुसमाचार, बाइबल के चार सुसमाचारों के समान ही हैं, और फिर भी वे यीशु की एक बहुत ही अलग तस्वीर पेश करते थे। खैर, मुझे उस की जांच करना था, और पता लगाना था कि वह सच था या नहीं। जब यीशु संगोष्ठी में, इन क्रांतिकारी विद्वानों ने, *पांच सुसमाचार* नामक एक पुस्तक का प्रदर्शन किया, तो उन्होंने मत्ती, मरकुस, लूका, यूहन्ना और थोमा को शामिल किया। हेलो! मेरा मतलब, आप कहते हैं कि ये अन्य सुसमाचारों के बराबर है? खैर, यह एक बड़ा दावा है, इसलिए मुझे पता लगाना पड़ा, कि क्या इस बात की पुष्टि करने के लिए कोई ऐतिहासिक सबूत है?

अन्करबर्गः हाँ। मुझे इस पुस्तक के, ऊपरी हिस्से में दिया गया शीर्षक बहुत पसंद आई। स्टीफन एल. डेविस, जो कि एक धर्म के प्रोफेसर हैं, जो सामान्यतः नोवस्टिक ग्रंथों के संदर्भ में लिखते हैं,उन्होंने कहा, "1900 साल तक, नए नियम के मूलग्रंथ ही, नासरत के यीशु के विषय के, ऐतिहासिक रूप से विश्वसनीय ज्ञान के एकमात्र स्रोत थे।" यह सच है। लेकिन फिर उन्होंने कहा, "1945 में इस परिस्थिति में बदलाव आया" क्या बदलाव आया?

एंड्रयू सुलिवन, आपकी पुस्तक में एक अन्य उद्धरण है, "यहां एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बात है, जो कि यह है कि पिछले 30 वर्षों में हमने वास्तविक सुसमाचार की खोज की है, उनमें से सैकड़ों आधिकारिक सुसमाचार नहीं हैं, लेकिन वे प्रारंभिक चर्च के चर्चा के हिस्से थे" यह ऐसे है जैसे कि, वे कह रहे हैं, देखो, हम ने यह *नाग हम्मादी* में पाया, हमें यह नॉस्टिक लाइब्रेरी में मिली थी। और इन पुस्तकों में से कुछ, उनमें से एक *थॉमस गॉस्पेल(थोमा का* सुसमाचार*)* है , यह यीशु और प्रेरितों के समय का है। जैसे कि वह यीशु सेमिनार कह रहा है कि, यह 50 साल का है, यह कुछ अन्य सुसमाचार से पहले का होगा। और वे क्या कर रहे हैं, कि इन अन्य सुसमाचारों से कुछ तारीखों को आगे बढ़ाते हुए, जिन्हें कि वे सही मानते हैं, वे यह कहते हैं कि यह यीशु के बारे में एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। कितना अलग? बहुत ही अलग, लेकिन वे क्या कह रहे हैं कि यह एक वैकल्पिक दृष्टिकोण है जो कि आपके पारंपरिक रूप की तरह स्वीकार्य है, और शायद उसकी जगह ले सकता है। ठीक है। चलो शुरू करते हैं। हमारे पास कुछ शीर्ष विषय हैं, जो कि मीडिया प्रस्तुतियों में उपयोग किए जाते हैं, और अभी बुक स्टोर में भी हैं। और हम *थोमा के सुसमाचार से* शुरू करते हैं। ठीक है, मुझे *थोमा के सुसमाचार* का आधार बताओ। यह कहां से आया? यह क्या है? और यह इतना आवश्यक क्यों है?

स्ट्रोबेल: खैर, यह दिलचस्प है, जॉन। कुछ समय पहले, मैं पूर्वी तट पर था, और किसी ने मुझे एक स्थानीय मेनलाइन चर्च से एक बुलेटिन दिया था। और मैं उसे खोला और उसमें*थोमा के सुसमाचार* से एक संवेदनशील बात लिखा था। यह चर्चों में इस्तेमाल किया जा रहा है। वास्तव में, कनाडा में, एक *थोमा* चर्च मौजूद है। तो हम लोगों को इस सुसमाचार की तरफ बढ़ते देख रहे हैं। क्यूं? खैर, आप जानते हैं, उसमें एक संदेश है, जो कि अन्य *सुसमाचारों* के विपरीत है, और यह स्पष्ट रूप से बहुत से लोगों के लिए थोड़ा अधिक स्वादिष्ट है। वह कहता है कि यीशु उद्धारकर्ता नहीं है, वह एक प्रकाश देने वाला है। तो यह एक तरीका है जिससे कि हमें उद्धार मिलता है, अगर हम उसे स्वयं की खोज के माध्यम से, आंतरिक ज्ञान के माध्यम से, हमारे अंदर के इस दिव्य चिंगारी, जो कि हम सबके अंदर होता है, उसे खोजने के माध्यम से, और आत्मोद्धाटन और अन्य चीज़ों द्वारा प्राप्त करते हैं। और आप जानते हैं कि, बहुत से लोगों के लिए, यह स्वीकार करना कि मैं एक पापी हूं और मुझे, क्रूस पर उसने जो किया, उसके आधार पर यीशु मसीह से क्षमा और अनुग्रह प्राप्त होता है, उस तथ्य के मुकाबले यह तथ्य अधिक पसंद है। तो यह एक ऐसा संदेश है जो बहुत से लोगों को पसंद आता है, भले ही यह कुछ मामलों में महिलाओं के खिलाफ है। एक समय पर, *थोमा के सुसमाचार में करीब* 114 यीशू के प्रवचन हैं, और उनमें से एक का कहना है कि कोई महिला स्वर्ग के योग्य नहीं है। एक पुरुष की तरह बनना ही एकमात्र तरीका जिससे कि एक महिला को स्वर्ग मिल सकता है। तो यह विशेष रूप से महिला समर्थक नहीं है, जैसे कि बहुत से लोग मानते हैं कि ये ज्ञानात्मक *सुसमाचार* हैं।

थोमा का सुसमाचार और इन अन्य *सुसमाचारों की* समस्या, सबसे पहले यह है कि, वे कब के हैं? अब यह सहजता से स्पष्ट है कि, घटनाओं के करीब, अगर कुछ होता है, तो अधिक संभावना है कि वे ऐतिहासिक रूप से विश्वासनीय होने वाले हैं। जब हम मत्ती, मरकुस, लूका

और यूहन्ना को देखते हैं, तो हम इन किताबों में शुरुआती तारीखों को देखते हैं, कि ये उन घटनाओं के करीब लिखे गए हैं जिन्हें ऐतिहासिक रूप से भरोसा किया जा सकता है। और फिर भी इतिहासकार, *थोमा* और इन अन्य *सुसमाचारों के लिए,* बाइबिल के अन्य *सुसमाचारों के करीब* तारीख तय करने में असफल रहे हैं। और सच्चाई यह है कि, वे दूसरी शताब्दी के, दूसरे आधे भाग के बाद, या उसके बाद के समय दिनांकित हैं। खैर, यह तथ्य के लंबे समय बाद है। मेरा मतलब है, यह कहने की लिए, 1865 के अब्राहम लिंकन और गृहयुद्ध जैसे है, यह ऐसे होगा जैसे कि मेरे सोच के आधार पर तब जो हुए थे, उसे अभी मेरे द्वारा लिखा जाना। यह उसी तरह की समय में दूरी होगी, जैसे कि दूसरी सदी के, दूसरे आधे भाग के लोगों द्वारा, यीशु के बारे में लिखा जाना।

और इसके अलावा, इन लोगों के पास एक एजेंडा था। वे Gnostics (ज्ञानात्मक)थे। वे वास्तव में पुनरुत्थान की परवाह नहीं करते थे; उन्हें वास्तव में इस बात का परवाह नहीं था कि, यीशु मरे हुओं में से जी उठा या नहीं। वे इस गुप्त ज्ञान के बारे में परवाह करते थे कि, जो वह केवल उन्हीं लोगों को प्रदान करता था जो कि योग्य थे, केवल उन लोगों के लिए जो कि इसे प्राप्त करने के लिए पर्याप्त योग्य थे। यह बहुत ही, ... यह एक अनुग्रह का संदेश नहीं है। आप जानते हैं कि, बाइबिल का संदेश यह है कि, परमेश्वर उन सबको माफी और अनन्त जीवन प्रदान करता है जो कि पश्चाताप और विश्वास के साथ उसके पास आते हैं। तुम्हें पता है *थोमा* का संदेश यह है, कि क्या आप काफी चतुर हैं? आपके पास ज्ञान है? क्या आपके पास उस दिव्य चिंगारी को खालने की चाबी है? खैर, हो सकता है कि आप अंदर जा सकते हैं। यह मेरे विचार से, काम पर आधारित उद्धार है।

अन्करबर्गः जब हम तिथियों की तुलना करते हैं, तो मेरे हिसाब से, दुनिया में सबसे चतुर व्यक्तियों में से एक जॉन्स *हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के, विलियम एफ* अलब्राइट हैं। और मृत्यु होने से पहले उन्होंने लिखा था कि न्यू टेस्टामेंट की हर एक किताब को, एक बपतिस्मा यहूदी द्वारा पहली सदी के 40 और 80 के दशक के बीच लिखा गया था , और शायद लगभग 50-75, ठीक है? खैर, यीशु 30 में मरे थे, ठीक है? तो इसका मतलब है कि 20-35 वर्षों के भीतर ही, ये किताबें, जो आज हमारे पास हैं, वह यरूशलेम के आसपास मौजूद थे, ठीक है? लोग इसे पढ़ सकते थे। और जिन लोगों ने इसे पढ़ा था, वे पक्ष-विपक्ष दोनों थे, कुछ यीशु से प्रेम करते थे और कुछ लोग नफरत करते थे। जो लोग यीशु से प्रेम करते थे, वे इन दस्तावेजों पर गौर करते थे कि यह बिल्कुल सही हो, उन्हें यही याद था। और जो लोग यीशु से नफरत करते थे, वे भी शायद यही करते थे, क्योंकि वे यह साबित करना चाहते थे कि ये लोग गलत हैं।

एंकरबर्ग: ठीक है। आपने *क्रेग इवांस* से मुलाकात किया था, जो कि *कनाडा* के *अकादिया दिव्यता विद्यालय* में एक महान विद्वान हैं। और तथ्य यह है कि, उन्होंने कहा था कि *थोमा* को 175 से 200 के बीच होना चाहिए। मतलब यह कि, यब बाकी सुसमाचार से 100 साल आगे था। और उन में से कुछ कारण यह हैं कि, *थोमा में* नये नियम की बहुत सारी बाते हैं।

स्ट्रोबेल: हाँ, सही है। दिलचस्प बात यह है कि *थोमा में बहुत सारे* संदर्भ और संदेह हैं, और पर्याप्त वचन प्रयोग किये गए हैं, जो कि यह दिखाते हैं कि जिस किसी ने भी यह लिखा है वह नए नियम के अधिकांश भाग से परिचित था। खैर, जैसा कि सबूत बताते हैं, कम से कम 150 ए डी से पहले लिखे गए, ऐसे कोई भी दस्तावेज नहीं हैं, जो कि नए नियम के बारे में इतना अधिक जानकारी दे सकते हैं। साथ ही यह तथ्य कि, वह बाद के रूपों का उपयोग करता है। दूसरे शब्दों में, मरकुस दुनिया का सबसे सुस्त लेखक नहीं था, मरकुस का सुसमाचार.।वह एक महान लेखक नहीं था। और इसलिए मत्ती और लूका, जब वे अपना सुसमाचार लिखते हैं,

उसे और थोड़ा सुशील बनाते हैं। खैर, *थोमा* में हम इन चमकदार संस्करणों को पाते हैं, न कि पहले के संस्करण। इसके अलावा हम *थोमा* में यूहन्ना के सुसमाचार की ओर इशारा पाते हैं , जो कि विद्वान हमें बताते हैं कि, बाइबिल के चार सुसमाचारों में आखिरी लिखा गया था।

लेकिन, जॉन, सबसे दिलचस्प चीजें हाल के वर्षों में सामने आई हैं: *थोमा के* सुसमाचार और सीरियाक चर्च के बीच का संबंध। और वह संबंध यह है। सुसमाचार फैलाने लगा। यह 175 ईसवी तक सीरिया तक नहीं पहुंचा था और यह हम जो चार सुसमाचारों के रूप में जानते हैं, वैसा नहीं आया था। *टाटियन* नामक एक व्यक्ति ने एक नया सुसमाचार बनाया। उसने क्या किया कि, उसने चार सुसमाचारों को मिलाया, और एक कथा लिखी। और ऐसा करते समय, उसने उसका रूप बदल दिया, और उसने उसे थोड़ा अपनी भाषा में बदल दिया। और उसने *दएतेसेरोन* नामक एक चीज बनाई, जो कि चार सुसमाचारों का मिश्रण था। यही सीरिया में मिलता है। अब, दिलचस्प बात यह है कि, हम*थोमा के सुसमाचार* में इस Diatessaron के रूपों में से कुछ को देख सकते हैं। साथ ही, दुनिया में सीरिया एकमात्र स्थान है जहाँ थोमा को "यहूदा थोमा" कहा जाता है, और इस सुसमाचार को ऐसा ही कहा जाता है।

और यह एक आकर्षक खोज है; *थोमा* 114 कहावतों से बना है। वे पूरी तरह से यादृच्छिक दिखते हैं, वे अलग दिखते हैं। और अगर आप उनका अलग- अलग भाषाओं में अनूवाद हो, तब भी वे अलग- अलग होंगे, जब तक कि आप उन्हें सीरिया में अनुवाद नहीं करते हो। और जब आप ऐसा करते हैं, तो आप लगभग 500 शब्द पाते हैं, दूसरे शब्दों में, इन शब्दों को दोहराकर, जोडकर 114 कहावतें बनाया जाता है, ताकि उसे लोग क्रम में याद रख सके। खैर, यह आपको क्या बताता है? यह आपको बताता है कि यह सिरिएक चर्च का एक उत्पाद है जिन्हें कि 175 ई सा तक सुसमाचार नहीं मिला था। और क्या, उनकी अपनी खुद की चीजें थी। उन्हें व्यावसायिकता पसंद नहीं थी, वे व्यापारिक लोगों को पसंद नहीं करते थे और बाकी सब, और

आप उन पूर्वाग्रहों को *थोमा* में भी देख सकते हैं। तो मुझे लगता है कि यह सब.., जॉन, एक ऐसे निर्णायक मामले पर आता है कि*थोमा* को 175 और 200 ईस्वी के बीच लिखा गया था, 200 से ज्यादा 175 के करीब, और इसलिए, ऐतिहासिक रूप से, इसमे कोई बात नहीं है जितना कि मत्ती, मरकुस, लूका और यूहन्ना में है, जो कि पहली सदी के प्रत्यक्षदर्शी साक्षीदार हैं।

अंककरबर्ग: हाँ, इसलिए *थोमा* का यीशु 100 साल आगे है, और तथ्य यह है कि, हम इसे एक ओर रख सकते हैं क्योंकि यह यहाँ पर पूर्वता लेता है।

स्ट्रोबेल: इतना ही नहीं, जॉन, लेकिन जब आप अध्ययनों को देखते हैं, जिस दर से प्राचीन दुनिया में, पौराणिक कथाएं बढ़ी थीं, और आप देख सकते हैं कि, दो पीढ़ियों के समय से पारित होना भी, इस सच्चे इतिहास के एक ठोस कोर के पौराणिक विकास को पोंछने के लिए पर्याप्त नहीं था। लेकिन आप एक या दो पीढ़ियों के समय से अपेक्षा करेंगे,और उससे नीचे आप और अधिक पौराणिक विकास को देखेंगे। खैर *थोमा यही* है। यह एक पौराणिक बात है। उन्होंने ऐतिहासिक यीशु के बारे में ज्यादा परवाह नहीं की। वे अपने ज्ञान-संबंधी और आत्म-ज्ञान एजेंडा को बढ़ावा देना चाहते थे, और इसलिए दूसरी शताब्दी से आप कुछ निराला देखना शुरू करते हैं। ज़रूर, हम कुछ निराले बात देखते हैं। लेकिन यह बाद में होता है; इसका ऐतिहासिक यीशु के साथ कोई सीधा संबंध नहीं है।

अन्करबर्गः ठीक है, दोस्तों। अगर आपको लगता है कि यह चीज़ निराली है, तो आप अगले तीन सुनने की प्रतीक्षा करो, और वह पतरस का*सुसमाचार,* और मरकुस की रहस्यमय *सुसमाचार,* और *मरियम का सुसमाचार है।* यह नाम सुनने के लिए अच्छे हैं, लेकिन वास्तव में, उनमें और उनके बारे में जो कहा गया है, उसे सुनने तक इंतजार करें, और कि कैसे विद्वान इसे बाकी सुसमाचारों के साथ डालने की कोशिश कर रहे हैं आप इसे खोना नहीं चाहेंगे। बने रहें।

अन्करबर्गः खैर, आज मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद। यदि आप को आज का हमारा यह कार्यक्रम पसंद आया, और आप इसे फिर से देखना चाहते हैं, या हमारे कुछ अन्य कार्यक्रमों और विषयों को देखना चाहते हैं। तो बस हमारे निशुल्क *जॉन एकरबर्ग शो ऐप* पर जाएं, या इसे हमारे वेबसाइट jashow.org पर देखें।

*****

अन्करबर्गः: ठीक है, हम वापस आ गए हैं। हम *ली स्ट्रोबेल* से बात कर रहे हैं, जो कि 13 वर्ष तक*शिकागो ट्रिब्यून* के एक पूर्व संपादक थे ; एक पूर्व संदेहवादी, जो अब ईसाई बन गये हैं। और हम कुछ ऐसे हमलों की जांच कर रहे हैं जो कि आधुनिक छात्रवृत्ति, प्राचीन दस्तावेजों, जो कि उन्होंने पाया है, उसके माध्यम से, रख रहे हैं, जो कि माना जाता है कि एक नये क्रांतिकारी यीशु को दर्शाता है। हम ने अभी *थोमा के सुसमाचार* के बारे में बात किया है। लेकिन यहां एक है, पतरस का *सुसमाचार* , यह एक वास्तविक बात है। इस बारे में बात करें।

स्ट्रोबेल: हाँ, यह इसके वर्णन करने का एक अच्छा तरीका है। आप जानते हैं, कब्र में.., 9 $^{वीं}$ शताब्दी में एक भिक्षु के ताबूत में उन्होंने यह दस्तावेज पाया था। और उन्हें लगता है कि यह पतरस का *सुसमाचार* हो सकता है *;* वे निश्चित नहीं हैं लेकिन ...

एकरबर्गः आपको यह दस्तावेज़ कहां मिला?

स्ट्रोबेल: हैलो! सबसे पहले, आप एक भिक्षु के ताबूत में क्या कर रहे हैं? मुझे यह जानना है, लेकिन इसके अलावा उन्होंने वह पाया भी है। और यह एक ऐसा दस्तावेज नहीं है जो कि लोग शताब्दियों से खोज रहे थे, और वे यह नहीं कह रहे थे कि इसमे कुछ बात है। वास्तव में,

सदियों पहले के चर्च इतिहासकार चेतावनी देकर कहा कि, "वैसे, पतरस का *सुसमाचार* नामक एक अजीब बात चारों ओर घूम रहा है। *उसपर विश्वास* मत करो, वह पागलपन है। तो किसी भी तरह, वे इस चीज़ को देखते हैं और कहते हैं, वाह.., इस कहानी को देखो। यह कहता है कि पिलात ने यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाने के लिए दिया। यह कुछ महायाजकों के बारे में बताता है जो कि कब्रिस्तान में रात बिताते हैं, और फिर कबर से बाहर, स्वर्गदूत आते हैं जिनके सिर बादलों के पास जाते हैं, और फिर यीशु, जिसका सिर बादलों से परे जाता है।

यह एक एन बी ए के सपनों वाला टीम है, आप जानते हैं। आप उन्हें बास्केटबॉल खेलने के लिए मिलियन रुपये दे सकते हैं। और फिर उनके पीछे, एक क्रूस आता है। तो यह कैसे हिलता है, मैं नहीं जानता, लेकिन क्रूस उनके पीछे है। और तुम परमेश्वर से एक आवाज सुनते हो, "क्या तुमने सोए हुए लोगों को प्रचार किया है?" खैर, यीशु जवाब नहीं देते हैं, क्रूस जवाब देता है, और कहता है, "हाँ, मुझे यकीन है," आप जानते हैं खैर, यहां एक मिनट रुको। सबसे पहले, आप पौराणिक चीज़ों के बारे में बात करते हैं। यह कुछ अजीब चीज़ है जिसे आप देखना चाहेंगे, पौराणिक कथा जो लंबे समय बाद चलती है। नंबर दो, यह पहली सदी से नहीं है। यह एक प्रारंभिक दस्तावेज नहीं हो सकता है, और इसलिए विश्वसनीय है, क्योंकि इसमें याजक, कब्रिस्तान में रात बिताते हैं। मैंने *क्रेग इवांस* से बातचीत की, जो कि प्राचीन इतिहास के एक सार्वभौमिक सम्मानित विद्वान है, और वह आपको बताएंगे कि पहली सदी में कोई याजक नहीं थे, क्योंकि स्वच्छ होने और बाकी सब नियम थे, तो वे रात को कब्रिस्तान में नहीं होते। तो यह एक अजीब बात है।

अन्करबर्गः हाँ। यहां तक कि, यीशु सेमिनार के जॉन डोमिनिक क्रॉसन, जैसे लोगों ने इसे 50 ई सा बताया है। मेरा मतलब...

स्ट्रोबेल: मैं आपको बताना चाहता हूं, मुझे लगता है कि यह गैर जिम्मेदारी है। यह बस गैर जिम्मेदाराना है; क्योंकि सबूत इसके विपरीत है। जिस किसी ने भी यह लिखा है वह पहली शताब्दी के यहूदी संस्कृति से इतना अपरिचित था कि, उसने इतना एक हास्यास्पद काम लिखने की हिम्मत की कि याजक कब्रिस्तान में एक रात बिताते हैं। यह शायद तीसरे या चौथे सदी के लिए दिनांकित है। वास्तविक यीशु के संदर्भ में यह अप्रासंगिक है।

अन्करबर्गः एक अन्य दस्तावेज *मरियम का सुसमाचार* है।

स्ट्रोबेल: हाँ। यह *दा विंची कोड* में डैन ब्राउन द्वारा लोकप्रिय हुआ। इस बारे में कहने के लिए बहुत कुछ नहीं है। वस्तुतः हर विद्वान आपको बताएगा कि यह 150 और 200 ई सा के बीच का है। आप जानते हैं, यह स्पष्ट रूप से, कुछ महिलाओं द्वारा कुछ प्रतिबंधों का सामना करने की कोशिश है जो चर्च द्वारा डाला गया था। कुछ अजीब और विलक्षण लोगों को रोकने की कोशिश करने, जिनमें से कुछ उस समय के महिला हो सकते हैं, जो कि चर्च में प्रचार करना चाहते थे। और इसलिए उन्होंने इस सुसमाचार को बनाया, जिसमें मरियम को परमेश्वर से एक प्रकाश मिलता है, और पतरस और अन्द्रियास कहते हैं, " यीशु ने यह नहीं है कहा" और तो मरियम रोने लगती है, यह मरियम मगदलीनी है, वह रोने लगती है। और लेवि ने पतरस और अन्द्रियास से कहा, "उसे जाने दो, और उसे बिना सीमा और प्रतिबंधों का प्रचार करने दो।" यह बस चर्च के नियमों से निपटने का एक तरीका है, जो कि अजीब लोगों को स्थानीय चर्च में प्रचार करने से रोकता है। कोई भी यह नहीं मानता है कि इसका ऐतिहासिक यीशु के साथ कोई संबंध है।

अन्करबर्गः लेकिन यह जितना अजीब है, यह इस अगले बात के करीब भी नहीं आता है, जो कि *मरकुस का रहस्यमय* सुसमाचार है।

स्ट्रोबेल: जब मैं कहता हूं कि यह अविश्वसनीय है, जॉन, यह वाकई अविश्वसनीय है। *मोर्टन स्मिथ,* कोलंबिया विश्वविद्यालय में एक बहुत ही सम्मानित उदारवादी विद्वान थे। वह कहते हैं कि उन्होंने यरूशलेम, या मध्य पूर्व के एक जगह से, 17 वीं शताब्दी के एक किताब से एक दस्तावेज की खोज की है, जहां किसी ने क्लेमेंट के अलेक्जेंड्रिया के द्वारा लिखे गए एक पत्र की प्रतिलिपि की थी। क्लेमेंट पतरस का एक चेला था। वह शुरुआती चर्च के पिता थे। वह जो चल रहा था, उसके संदर्भ में एक बहुत ही हिप आदमी था। और इस पत्र में, उस भिक्षु ने 1600 के दशक में जो नकल किया था, वह *मरकुस का रहस्यमय* सुसमाचार के कुछ भाग था, वह जिसे केवल कुछ ही देख सकते थे, वह जिसे हर कोई पढ़ नहीं सकता था। यह *मरकुस का* नियमित सुसमाचार है, और वह *मरकुस का रहस्यमय* सुसमाचार था। खैर, यह क्या कहता है? यह कहता है कि यीशु ने उस युवक को चंगा किया, अपने ऊपर एक तौलिया को छोड़कर, वह आदमी नग्न था, और वह यीशु के साथ रात बिताता है। खैर, इसके निहितार्थ स्पष्ट हैं। और आप जानते हैं, वास्तव में उस समय यह नहीं पता था कि *मॉर्टन स्मिथ* खुद वास्तव में समलैंगिक था, और वास्तव में, उसने, अन्य पुस्तकों में लिखा है कि यीशु ने इन गुप्त संस्कारों को आगे बढ़ाया है और इन समलैंगिकोंकामुक सुझावों को उठाया।-

खैर, इससे क्या हुआ, और *मॉर्टन स्मिथ* ने *हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस* के लिए, अपने महान नई खोज के बारे में एक 548-पृष्ठ की पुस्तक लिखी है, और यह एक लोकप्रिय किताब है, और प्रसिद्ध प्रोफेसर *ईलेन पैगल्स* ने इसका पहला पृष्ठ लिखा है। खैर, जैसा कि पता चला है, निश्चित रूप से, जिस लेखन पर यह सब आधारित था, वह चले गए थे। कोई उन्हें पा नहीं सका। जब वह मरा, तो उन्हें इन तस्वीरों का पता लगा। बहुत अच्छे। चलो उन पर गौर करते

हैं, चलिए उन्हे जांचते हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने उन पर परीक्षण किया था। उन्होंने क्या पाया? वे फर्जी थे। वे एक धोखा था। उसने वास्तव में., और उन्हें यह उसके लेखन के विश्लेषण सो पता चला, जिस तरह से उसने कुछ यूनानी अक्षरों का अनूठे तरीके से उपयोग किया था, जो कि केवल वही करता था, ऐसे सभी प्रकार के सबूत हैं जो कि यह दर्शाते हैं कि उसने यह कार्य की थी।

और इसके बारे में डरावनी हिस्सा यह है कि, ऐसे बहुत उदार विद्वान हैं, जो कि इस तरह का कुछ देखते हैं और वे बिना सोचे इस पर कूद पड़ते हैं और कहते हैं, वाह, यहाँ कुछ नया है। वाह, यीशु समलैंगिक हो सकता था। यह वास्तव में उत्तेजक है, यह वास्तव में दिलचस्प है। चलो इस बारे में लिखते हैं, इस बारे में बात करते हैं। और वे मत्ती, मरकुस, लूका और यूहन्ना, और नए नियम के बाकी हिस्से और बाइबिल के प्रत्यक्षदर्शी आधारित पहली सदी के दस्तावेजों को अनदेखा करते हैं। वे इसे अनदेखा करते हैं, और वे इस विशेष बात के गुणों को उकसाना शुरू करते हैं, जिससे उनके चेहरे काले पड़ जाते हैं, क्योंकि यह बिल्कुल एक धोखा है। विद्वानों के समुदाय के लिए शर्मिंदगी की बात है, वह जो इस पुस्तक के बारे में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों को निलंबित करने के लिए तैयार थे, लेकिन इतनी गंभीर रूप से वे मत्ती, मरकुस, लूका और यूहन्ना को अच्छे ऐतिहासिक कारणों के लिए नहीं देख पाते हैं। मुझे लगता है कि यह इन विद्वानों पर सिर्फ एक काला निशान है

एकरबर्गः मैंने क्रेग इवांस को सबसे ज्यादा नाराज तब देखा था, जब मैंने उनसे *माइकल बाइगेंट* की किताब *द जीसस पेपर* के बारे में पूछा था। इस बारे में भी बात करें, आपने उससे भी बातचीत की थी। बताओ कि उन्होंने *द जीसस पेपर* के बारे में क्या कहा।

स्ट्रोबेल: मेरा मतलब है, यह फिर से हुआ था, *माइकल बाइगेन्ट* यह अजीब बात लिखते हैं कि उन्हें यरूशलेम के एक घर की नींव की रीमॉडेलिंग के समय वहाँ कुछ पपीरस टुकड़े पाए, दो पाए थे। ये अरामी में थे और माना जाता है कि यह क्रूस के परिक्षण का इंतजार करते समय, य़ीशू द्वरा लिखा गया था। और वह कहता है, "ओह, वैसे, यहाँ कुछ गलतफहमी है। मैं वास्तव में यह नहीं कह रहा हूं कि मैं परमेश्वर का पुत्र हूं। हम सभी में परमेश्वर की आत्मा है। आप में परमेश्वर की आत्मा है। मुझ में परमेश्वर की आत्मा हो सकती है।" तो ठीक है, *माइकल बाइगेंट* कहता है, "ये दो इजरायल पुरातत्वविदों द्वारा सत्यापित किया गया है। मैं गया और मैंने उन्हें खुद देखा, और यह सच है। "

खैर, एक मिनट रुको। नंबर एक, यरूशलेम के एक घर की नींव में 2000 सालों तक कोई पपीरस मौजूद नहीं रह सकता है। मौसम को देखते हुए वह निश्चित रूप से बिखर गया होता। नंबर दो, ओह, वह यह नहीं कह सकता कि इन चीजों का मालिक कौन है, ओह, उसने उन्हें तस्वीर नहीं ली, ओह , वह अरामीक नहीं पढ़ता है, और न ही वह व्यक्ति जो कि कहता है कि वह इसका मालिक है। तो वह कैसे जानता है कि वह क्या कहता है? ओह, वैसे, दो पुरातत्वविदों जिन्होंने इसकी पुष्टि की थी, वे दोनों मर गए हैं। जब मैं *शिकागो ट्रिब्यून का* संपादक था, अगर मैं अपने संपादक के पास जाता और कहता, "अरे, मेरे पास एक गर्मा-गर्म कहानी है," और मैं उसे उन्हें बेचने की कोशिश करता, तो वे मुझे नौकरी से निकाल देते। यह बर्खास्तगी के लिए आधार होता। क्या आप इतने भोले हैं, क्या आप इतने बेवकूफ हैं? क्या आप हमें माल का एक बिल बेचने की कोशिश कर रहे हैं? मैं दो मिनट में सड़क पर होता। यह बस एक ऐतिहासिक काल्पनिक देश है। और *बाइगेन्ट*, जिसका कोई ऐतिहासिक संबंध नहीं है, इन किताबों का लिखना, और बहुत सारे लोगों का उन्हें खरीदना, और उसे विश्वास करना..। उसकी पुस्तक *पवित्र रक्त, पवित्र ग्रेल* और बाकी सब, मैं आपसे कह रहा हूं, यह बस लोगों की पूर्व-

कल्पना कि वे क्या चाहते हैं, और कैसे इसे चाहते हैं, उस हिसाब से इतिहास का पुन: लिखना है।

एंकरबर्ग: ठीक है। इन सभी नई पुस्तकों और नए हमलों ने एक नए क्रांतीकारी यीशु को उजागर करने की कोशिश है। आपने क्या निष्कर्ष निकाला था?

स्ट्रोबेल: मैं आपको एक वाक्य में बता सकता हूं। ऐसे कोई दस्तावेजों का पता नहीं लगाया गया है जो कि वास्तविक यीशु के संदर्भ में कोई भी ऐतिहासिक बदलाव ला सकता है, जो कि हमारे आवश्यक मान्यता, वह कौन है और उसने क्या किया था, उसमे कुछ बदलाव ला पाया है। खत्म।

अन्करबर्ग: दोस्तों, इसे मन में रखो। और अगले हफ्ते हम एक और कदम आगे बढ़ने वाले हैं, और वह यह है कि क्या चर्च ने वचन के साथ कुछ छेड़छाड़ की, कि आज हमारे पास जो नए नियम के ग्रंथ हैं, जो हमारे पास आए हैं, क्या वह मूल रूप से लिखित से छेड़छाड़ किया हुआ है? क्या हमारे पास, उन्होंने जो लिखा था, उससे अलग यीशु है? क्या हमारे पास दस्तावेजों में वास्तव में जो लिखा था उससे अलग सिद्धांत हैं? कुछ विद्वान कह रहे हैं, हाँ, ऐसा हुआ था। और यदि आप अगले सप्ताह हमारे साथ जुड़ेंगें, तो हम आपको दिखाने वाले हैं कि ऐसा नहीं हुआ था।

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्न् द्यद्द ठ्ठड़ड़ड्ढद्रद्य ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्द्ध्र.द्दद्धढ़

@JAshow.org

क्द्दद्रन्द्धत्ढ़ण्द्य **2016** ऋच्ड्क्ष्